>

Title: Need to set up a Virology Institute in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): गुजरात को गत वर्षों में चांदीपुरा वायरस, क्रिमीयन कोन्गो हैमरेजिक फीवर इत्यादि वायरस जन्य रोगों का सामना करना पड़ा। दुर्भाग्य से राज्य में लेबोरेटरी कन्फर्मेशन की कोई व्यवस्था न होने से खून के सैम्पल नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वाइरोलोजी, पूना अथवा एन.सी.डी.सी. दिल्ली को भेजने पड़ते हैं। परिणाम के विलम्ब से मृत्यु का भय मंडराता रहता है।

इस प्रकार की सुविधा राज्यों में होने वाले संसर्गजनक रोगों पर अंकुश लगाके इस प्रसारण को कम कर सकती है। गुजरात राज्यों में इस प्रकार की संस्था की स्थापना से सार्वजनिक आरोग्य क्षेत्र में गुजरात के अलावा निकट के राज्यों को भी मदद मिलती रहेगी।

मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करती हूं कि शीघ्र ही गुजरात में वाइरोलोजी इंस्टिट्यूट की स्थापना करें।